ओपीटीसीएल का आईआईटी-भुवनेश्वर से करार, जानिए इसके फायदे

भाषा,भुवनेश्वर | Published By: Alakha Singh

- Last updated: Sat, 30 Jan 2021 02:42 PM

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओडिशा पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि. (ओपीटीसीएल) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-भुवनेश्वर (आईआईटी-भुवनेश्वर) के साथ एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। करार के तहत आईआईटी-भुवनेश्वर में ओपीटीसीएल की पीठ स्थापित की जाएगी।

राज्य के ऊर्जा मंत्री डी एस मिश्रा ने कहा कि आईआईटी जैसे संस्थानों के साथ सहयोग ओडिशा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मिश्रा ने कहा, "हम यह जानकर खुश हैं कि आईआईटी सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि राज्य के विकास में भी योगदान दे रहा है। उद्योग-संस्थान का यह गठजोड़ दोनों के लिए शोध एवं विकास के क्षेत्र में लाभ की स्थिति है।

ओपीटीसीएल के चेयरमैन सौरव गर्ग ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान बिजली क्षेत्र के कई तकनीकी मुद्दों को हल करने में मदद करेगा। गर्ग ने कहा, "इस करार से आईआईटी के विद्यार्थियों को परियोजनाओं से जुड़ने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। साथ ही ओपीटीसीएल के इंजीनियरों को आईआईटी के विद्यार्थियों से बातचीत के जरिए प्रक्रियाओं में अपने ज्ञान को बढ़ाने का मौका मिलेगा।

https://www.livehindustan.com/career/story-optcl-ties-up-with-iit-bhubaneswar-know-its-benefits-3822763.html